an>

Title: Need to start construction of by-pass road in Garhwa, Jharkhand.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) ः मैं सरकार का ध्यान वर्ष 2010 से लंबित गढवा बाई पास के जल्द निर्माण की ओर दिलाना चाहता हूं। गढवा-रंका पथ से गढवा-नगर पथ (एन.एच.-75) में और गढवा-शाहपुर पथ से रेहला-गढवा पथ (एन.एच.-75) को जोड़ने हेतु प्रस्तावित बाई पास के निर्माण कार्य को सन् 2010 में मंजूर किया गया था मगर इतना समय बीत जाने के बाद भी अभी तक इसका डी.पी.आर. भी तैयार नहीं किया गया है। इस बाई पास के निर्माण के नहीं होने से गढवा शहर में यातायात की व्यवस्था दुरूह बनी हुई है तथा आम जनता को प्रतिदिन छोटी सी दूरी तय करने के लिए काफी अधिक समय व्यतीत करना पड़ रहा है। मेरे द्वारा संबंधित अधिकारियों को इस विषय में कई बार अवगत कराया जा चुका है परंतु स्थिति जस की तस बनी हुई है।

मैं माननीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि आम नागरिकों की समस्या को ध्यान में रखते हुए गढवा शहर बाई पास पथ का निर्माण कार्य जल्द से जल्द करवाया जाए ताकि आमजन को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल सके।